यूपी सरकार ने YEIDA, UPSIDA, UPEIDA के विस्तार के लिये 2,940 करोड़ रुपए की मंज़ूरी दी

चर्चा में क्यों?

हाल ही में उत्तर प्रदेश सरकार ने औद्योगिक निकायों, **यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (YEIDA), यूपी राज्य औद्योगिक विकास प्राधिकरण (UPSIDA) और यूपी एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (UPEIDA) के लिये 2,940 करोड़ रुपए** की मंज़ूरी दी।

मुख्य बिंदु:

- नवगठित **बुंदेलखंड औद्योगिक विकास प्राधिकरण** को पहले **भूमि अधिग्रहण के लिये 3,000 करोड़ रुपए** दिये गए थे।
- वित्तीय वर्ष 2023-24 में राज्य में **औद्योगिक विस्तार के लिये 8,000 करोड़ रुपए** अलग रखे गए थे। **शेष 5,000 करोड़ रुपए में से, 1,000 करोड़ रुपए UPEIDA के लिये, 1,500 करोड़ रुपए YEIDA के लिये और 440 करोड़ रुपए UPSIDA के लिये स्वीकृत किये गए हैं।**
- **सभी औद्योगिक विकास प्राधिकरणों के विस्तार के लिये कुल 7,042.67 करोड़ रुपए** स्वीकृत किये गए हैं।
- राज्य सरकार निवेश आकर्षित करने और उत्तर प्रदेश को देश में अग्रणी निवेश स्थल बनाने के लिये प्रतिबद्ध है।

यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (YEIDA)

- यह उत्तर प्रदेश **औद्योगिक विकास अधिनियम, 1976** के तहत दिल्ली से सटे उनके संबंधित अधिसूचित क्षेत्रों के व्यवस्थित विकास के लिये बनाया गया है, जो यदि योजनाबद्ध नहीं होते, तो अनधिकृत शहरी विकास की संभावना होती।

यूपी एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (UPEIDA)

- यह **राज्य में एक्सप्रेस-वे परियोजनाओं को विकसित करने के लिये उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा वर्ष 2007 में स्थापित एक प्राधिकरण है।**
- UPEIDA का मुख्यालय **लखनऊ के गोमती नगर में पर्यटन भवन में स्थित है।**

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/up-government-fund-for-expansion-of-yeida-upsida-upeida